# सत जीन्दा कल्याणा महाविद्यालय
## कलानौर (रोहतक)
## वार्षिक प्रतिवेदन
### सत्र 2023-2024

समाज कल्याण के लिए महान दूरदृष्टि रखने वाले प्रातः स्मरणीय ब्रह्मलीन महन्त जमनादास जी के लिए कलानौर व आस पास के क्षेत्र के लोग हमेशा कृतज्ञ रहेंगे, जिनकी क्रांतिकारी विचारधारा ने सत जीन्दा कल्याणा महाविद्यालय का निर्माण कर शिक्षा से वंचित ग्रामीण युवाओं व युवतियों को सुनहरा अवसर प्रदान किया कि वे भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें और ये सिद्ध कर सकें कि वो शहरों व महानगरों में रहने वालों युवाओं से किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं। इस इलाके की उन्नति, क्षेत्र के विकास व प्रगति में इस महाविद्यालय का उतना ही महत्व है जितना स्वंय के उत्थान में मेहनत और लगन का। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य है मानव का नैतिक, सामाजिक, धार्मिक व आध्यात्मिक विकास करना। गर्व का विषय है कि हमारा महाविद्यालय उपरोक्त लक्ष्य की ओर निरंतर अग्रसर है।

यह संस्था सत् जीन्दा कल्याणा शिक्षण समिति के संरक्षक परमश्रद्धेय आदरणीय महन्त खुशहाल दास जी महाराज अध्यक्ष मलिक श्री शादी लाल बत्तरा (पूर्व सांसद), उपाध्यक्ष श्री बिहारी लाल मदान, सचिव श्री महेन्द्र कुमार खुराना, कोषाध्यक्ष श्री गौरव जुनेजा, प्रबन्धक डा. अपर्णा बत्तरा, डा. रश्मि बजाज (डायरेक्टर सेल्फ फाइनेंसिंग कोर्स) तथा प्रबन्धन समिति के सदस्यों की कर्मठता एवं सतत् प्रयासों से निरंतर सफलता के नए आयामों को छू रहा है।

हमारे महाविद्यालय का लक्ष्य है विद्या-विवेक-विकास। विद्या प्राप्ति के साथ विवेक जागृत करना और विकास की ओर अग्रसर होना ही शिक्षा का परमध्येय है। साहित्यिक, सांस्कृतिक, खेल जगत, एन.एस.एस., एन.सी.सी., वैधानिक साक्षरता प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ, रोजगार प्रकोष्ठ, व्यक्तित्व विकास एवं परामर्श प्रकोष्ठ इत्यादि के तहत होने वाली गतिविधियाँ विद्यार्थियों को सुसंस्कृत, मर्यादित एवं विवेकी बनने में सहायक सिद्ध होती हैं।

### विशिष्ट उपलब्धि

मुझे यह बताते हुए बेहद हर्ष की अनुभूति हो रही है कि आज की तारीख में हमारा महाविद्यालय पूरे रोहतक जिले का एकमात्र 'ए' ग्रेड कॉलेज है। हमारी इस उपलब्धि के आधार पर इस वर्ष उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा ने सत् जीन्दा कल्याणा महाविद्यालय को रोहतक जिले के 11 महाविद्यालयों के मेंटर के रूप में मनोनीत किया है जिसके तहत हमारे महाविद्यालय को यह जिम्मेदारी सौंपी गयी है कि हम इन 11 महाविद्यालयों को राष्ट्रीय मूल्याकंन एवं प्रत्यायन परिषद् (NAAC) के द्वारा मूल्यांकन करवाने हेतु प्रोत्साहित करें व आवश्यकतानुसार इन्हें मार्गदर्शन एवं परामर्श प्रदान करें।

### विद्यार्थी संख्या एवं संकाय

सत्र 2023-24 में महाविद्यालय में कुल 578 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया, जिनमें छात्रों की संख्या 251 तथा छात्राओं की संख्या 327 रही। कला स्नातक में 368, वाणिज्य स्नातक में 52, कम्पयूटर साईंस स्नातक में 65, विज्ञान स्नातक में 20, एम.ए. (भूगोल) में 31, एम.कॉम. में 30 व ए.पी.जी.डी.सी.ए. में 12 विद्यार्थियों ने प्रवेश प्राप्त किया।

## महाविद्यालय परिवार

हमारे इस महाविद्यालय परिवार में प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ के अतिरिक्त 6 एसोसिएट प्रोफेसर एवं 22 असिस्टेंट प्रोफेसर निष्ठा से अध्यापन कार्य में संलग्न हैं। कार्यालय को सुचारू रूप से चलाने के लिए तृतीय श्रेणी के 05 एवं चतुर्थ श्रेणी के 11 कर्मचारी कार्यरत हैं।

## परीक्षा परिणाम

प्राय: ऐसा माना जाता है कि गाँव के युवा शहरी युवक व युवतियों की अपेक्षा कम होनहार होते हैं किन्तु हमारे महाविद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने इस मिथक को भी तोड़ दिया है। **दिसम्बर, 2022 में आयोजित परीक्षा में बी.कॉम. तृतीय सैमेस्टर की छात्रा वंशिका ने पूरे महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है।** इसी कक्षा की छात्रा राधिका सुपुत्री श्री हरीश कुमार ने भी मेरिट सूची में 16 वाँ स्थान हासिल किया है। बी.सी.ए. की छात्रा मुस्कान सुपुत्री श्रीराममेहर ने न केवल पंचम सैमेस्टर में मेरिट सूची में 18 वाँ स्थान प्राप्त किया बल्कि मई 2023 में आयोजित छठे सैमेस्टर की परीक्षा में भी 14 वाँ स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। छठे सैमेस्टर की परीक्षा में बी.कॉम. के छात्र आशीष सुपुत्र श्री हरबंस लाल ने भी विश्वविद्यालय में 5वां स्थान हासिल कर परिवार व महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

अत्यन्त हर्ष का विषय है कि दिसम्बर, 2023 में आयोजित परीक्षाओं में बी.कॉम. प्रथम सैमेस्टर की छात्रा भूमि सुपुत्री श्री उमेश कुमार व बी.काम. पंचम सैमेस्टर की छात्रा वंशिका सुपुत्री श्री सतपाल सिंह ने पूरे विश्वविद्यालय में तृतीय स्थान हासिल कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।

## स्थापना दिवस

29 जनवरी 2024 को महाविद्यालय का 54वाँ स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर पावन हवन यज्ञ में महाविद्यालय की प्रबन्धन समिति के प्रधान व पूर्व राज्यसभा सांसद श्री शादीलाल बत्तरा जी ने यज्ञकर्म में यजमान की भूमिका का निर्वहन किया। श्री शादीलाल बत्तरा जी ने महाविद्यालय के मूलभूत उद्देश्य 'विद्या-विवेक-विकास' को भविष्य में यथार्थ स्वरूप में लाने के लिए प्रेरित किया तथा साथ ही उन्होंने एकता एवं प्रतिबद्धता के साथ महाविद्यालय को नई ऊँचाईयों की ओर ले जाने का संकल्प लेने की प्रेरणा दी। कालेज प्राचार्य डा. नरेश कुमार दुआ ने सभी अतिथियों का स्वागत किया व अपने सम्बोधन में कॉलेज की गतिविधियों, उपलब्धियों एवं नीतियों से अवगत करवाया। महाविद्यालय की परम्परा, जिसके तहत हर वर्ष स्थापना दिवस पर एक अध्यापक विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए अपने मन की बात व अनुभवों को सांझा करता है, को निभाते हुए इस वर्ष डॉ. पूनम अधलखा ने अपने वक्तव्य द्वारा विद्यार्थियों को वर्तमान में सोशल साईट्स व उनके दुष्परिणाम के बारे में बताया। इस अवसर पर महासचिव श्री महेन्द्र खुराना, कोषाध्यक्ष श्री गौरव जुनेजा, श्री वेद प्रकाश बतरा, श्री अश्विनी जुनेजा, श्री सुभाष चन्द्र मिनोचा, श्री गौरव कवातड़ा, श्री महेश चौधरी, श्री पवन कुमार जुनेजा, डॉ. एस.के. भंडारी, डा. इन्द्र सिंह तथा समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## प्रतिभा खोज कार्यक्रम

विद्यार्थियों में निहित प्रतिभा को मंच प्रदान कर प्रकाश में लाने के उद्देश्य से 29 अगस्त 2023 को प्रतिभा खोज समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रागिनी, गीत, नृत्य, भाषण, रंगोली, पेंटिग, काव्य पाठ और नाटक आदि के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस अवसर पर पूर्व सांसद व प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष श्री शादी लाल बत्तरा व 11 हरियाणा बटालियन ए.सी.सी. भिवानी के कमांडिंग आफिसर कर्नल रणधीर सिंह ने अपने कर-कमलों से माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर कॉलेज की पत्रिका विद्यांकुर का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। यह कार्यक्रम सांस्कृतिक टीम की संयोजिका डॉ. शालिनी शर्मा के दिशा-निर्देशन में व डॉ. मानसा राय एवं डॉ. उमेश कुमार के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

## क्षेत्रीय व अन्तर्क्षेत्रीय युवा समारोह

29 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2023 तक गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज, रोहतक में महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय द्वारा क्षेत्रीय युवा समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने हरियाणवी स्किट, माईम, संस्कृत नाटक, श्लोकोच्चारण, संस्कृत भाषण, रंगोली, मेंहंदी, हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता, कोलाज, कविता-उच्चारण (हिन्दी, हरियाणवी व उर्दू) तथा प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। हर्ष का विषय है कि महाविद्यालय की संस्कृत नाटक की टीम ने इस समारोह में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

4 नवम्बर से 6 नवम्बर 2023 तक अन्तर्क्षेत्रीय युवा समारोह का आयोजन महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक में किया गया, जिसमें महाविद्यालय की संस्कृत नाटक की टीम ने भाग लेते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस टीम के सदस्य थे: भावना/बी.ए.III/2036, प्रिया/ बी.ए.III/2009, सोनिया/ बी.ए.III/2032, रोहित/ बी.ए.III/2007, पारस/ एम.कामॅ I/ 6008,अजर देव/बी.ए.I/ 6122, लोकेश/ बी.सी.ए.I/2008, हेमन्त/ बी.कॉम II/3012 व निशान्त/बी.कॉम II/ 3002।

## वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता

28 फरवरी 2024 को महाविद्यालय परिसर में 31वीं वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रोफेसर ए.एस.मान (डीन, एकेडमिक्स, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक विशिष्ट अतिथि श्री गुलशन शर्मा (पूर्व विद्यार्थी एवं सिल्वर पदक विजेता, एशियन पेसिफिक गेम्स) व डा. नरेश कुमार दुआ ने ध्वजारोहण करके किया। प्रोफेसर मान ने कॉलेज की खेल उपलब्धियों को सराहते हुए खिलाड़ियों को नैतिकता व ईमानदारी से अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की प्रेरणा दी। इस प्रतियोगिता में 23 गतिविधियों का आयोजन हुआ, जिसमें महिला वर्ग व पुरुष वर्ग में विभिन्न रेस, हाई एवं लांग जंप, शॉटपुट एवं डिस्कस थ्रो, लेमन रेस एवं चाटी रेस जैसी रोमांचित प्रतियोगिताएँ हुई। इसके अलावा टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ की 100 मीटर की दौड़ व प्राध्यापकों की म्यूजिकल चेयर जैसी प्रतियोगिताए भी आयोजित की गई । महिला वर्ग में बी.एस. सी. द्वितीय वर्ष के छात्र अभिषेक ने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब जीता सायंकालीन सत्र मे पूर्व राज्यसभा सांसद व प्रबंधन समिति के प्रधान श्री शादी लाल बतरा जी ने बतौर मुख्यातिथि, महासचिव श्री महेन्द्र खुराना जी, कोषाध्यक्ष जी गौरव जुनेजा जी, श्री विनोद पाहवा व एडवोकेट श्री शिवलाल कत्याल जी ने शिरकत की। इस खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन डा. कृष्ण कुमार वत्स के कुशल दिशा-निर्देशन में हुआ।

## MEDAL HOLDERS OF VARIOUS ALL INDIA INTER UNIVERSITY CHAMPIONSHIP

2022-2023

### MEDAL HOLDERS OF ALL INDIA INTER COLLEGE CROSS COUNTRY CHAMPIONSHIP

| No. | Name | Class | Roll No. | Individual | Team Position | Place & Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Sawan | B.A.I | 1230606101 | Gold Medal | 2nd | Sports Complex. M.D. University, Rohtak 10 Nov. 2023 |
| 2. | Neeraj | B.Com.I | 1230610022 | | | |
| 3. | Navjeet | B.A. I | 1230606050 | | | |
| 4. | Vikesh Dagur | B.A. I | 1230606132 | | | |
| 5. | Vikas | B.A. I | 1230606051 | | | |
| 6. | Vishal | B.A. I | 1230606135 | | | |

### MEDAL HOLDERS OF INTER COLLEGE BOXING (M) CHAMPIONSHIP

| No. | Name | Class | Roll No. | Individual | Team Position | Place & Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Aman Dhuhan | B.Com.I | 123610024 | Gold Medal | - | Sports Complex. M.D. University, Rohtak 20-21 Nov. 2023 |

### MEDAL HOLDERS OF ALL INDIA INTER COLLEGE ATHLETIC CHAMPIONSHIP

| No. | Name | Class | Roll No. | Individual | Team Position | Place & Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Sawan | B.A.I | 1230606101 | Gold Medal (5000 Mtr. Race) | 3rd | Sports Complex M.D. University, Rohtak 10-12 Dec. 2023 |
| 2. | Navjeet | B.A. I | 1230606050 | Gold Medal (1500 Mtr. Race) | | |
| 3. | Vaibhav | B.Sc. II | 150003 | Bronze Medal (Discuss Throw) | | |
| 4. | Beenu Sharma | B.A. I | 1230606152 | Gold Medal (200 Mtr. Race) | | |
| 5. | Rahul | B.A.I | 1230606153 | Gold Medal (400 Mtr.) | | |
| 6. | Preeti | B.A.I | 1230606022 | Bronze Medal (Javelin Throw) | | |

### MEDAL HOLDERS OF ALL INDIA INTER COLLEGE WT. LIFTING (M) CHAMPIONSHIP

| No. | Name | Class | Roll No. | Individual | Team Position | Place & Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Sawan | B.A.I | 1230606025 | Bronze Medal | - | Sports Complex M.D. University, Rohtak 20 Dec. 2024 |

### MEDAL HOLDERS OF ALL INDIA INTER UNIVERSITY ATHLETIC CHAMPIONSHIP

| No. | Name | Class | Roll No. | Individual | Team Position | Place & Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rahul | B.A. I | 12306060153 | Silver Medal (400X4 Mtr. Race) | - | Tamilnandu Physical Edu. & Sports University 4-7 Jan. 2024 |
| 2. | Beenu Sharma | B.A. I | 12306060152 | Silver Medal (400X4 Mtr. Race) | | |
| | | | | | | |

**MEDAL HOLDERS OF ALL INDIA INTER COLLEGE KARATE CHAMPIONSHIP (M)**

| No. | Name | Class | Roll No. | Individual | Team Position | Place & Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Prashant | B.A.II | 2152 | Gold Medal | 2nd | Sports Complex M.D. University, Rohtak 15-17 Jan. 2024 |
| 2. | Kunal | B.A. II | 2090 | Gold Medal | | |
| 3. | Sawan | B.A.I | 1230606025 | Participation | | |

**MEDAL HOLDERS OF 58TH NATIONAL CROSS COUNTRY CHAMPIONSHIP (U-20)**

| No. | Name | Class | Roll No. | Individual | Team Position | Place & Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | SAWAN | B.A.I | 1230606101 | Bronze Medal | - | Gaya Bihar 15 Jan. 2024 |

**MEDAL HOLDERS OF ALL INDIA INTER UNIVERSITY BOXING CHAMPIONSHIP**

| No. | Name | Class | Roll No. | Individual | Team Position | Place & Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | AMAN DUHAN | B.Com.I | 123610024 | Bronze Medal | - | Chandigarh University Mohali 5-6 Jan. 2024 |

उपरोक्त सभी उपलब्धियों का श्रेय खेल-विभाग के प्रभारी डॉ. कृष्ण कुमार वत्स को जाता है जिनके दिशा-निर्देशन में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया।

## पुस्तकालय एवं वाचनालय

अध्यापकों एवं विद्यार्थियों में पठन-पाठन की रूचि के स्तर को बढ़ाने में पुस्तकालय एवं वाचनालय की भूमिका अहम होती है। हमारे पुस्तकालय में इस समय 25942 पुस्तकें हैं। विद्यार्थियों के लिए 10 पत्रिकाएँ और 4 रिसर्च जर्नल एवं 9 समाचार पत्र भी उपलब्ध कराए जाते हैं। पुस्तकालय पूर्ण रूप से डिजिटल है तथा इसमें E-Resources Access Points भी उपलब्ध हैं। लाइब्रेरियन श्री राजकुमार वत्स व रेस्टोरर श्री जगदीप सुनेजा की देख-रेख में पुस्तकालय का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है।

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

21 जून 2024 को उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा व 11 हरियाणा बटालियन भिवानी के निर्देशानुसार दसवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षिका आरती ने एन. सी.सी. कैडेट्स, एन.एस.एस. स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं और रा.व.मा. विद्यालय कलानौर, रा.व.मा. विद्यालय, बौन्द कलां व आदर्श विद्यालय, बौन्द कलां से पधारे स्कूली विद्यार्थियों को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए विभिन्न प्रकार के योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान आदि का प्रशिक्षण दिया। यह कार्यक्रम एन.सी.सी यूनिट के ANO डॉ. विकास कुमार, एन.एस.एस. यूनिट I & II के कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. उमेश कुमार व डॉ. मानसा राय व खेल प्रभारी डॉ. कृष्ण कुमार के निर्देशन में आयोजित किया गया।

## विदाई समारोह

शैक्षणिक वर्ष के अन्त में बी.ए., बी.एस.सी., बी.सी.ए., एम.ए (ज्योग्रॉफी) व एम.कॉम. के विद्यार्थी फाईनल वर्ष के विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए विदाई समारोह का आयोजन करते हैं। 25 अप्रैल 2024 को कला संकाय, 27 अप्रैल 2024 को भूगोल विभाग, 30 अप्रैल 2024 को विज्ञान संकाय व 1 मई 2024 को वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया ।

## पर्व एवं त्यौहार

महाविद्यालय परिसर में वर्ष के सभी पर्व एवं त्यौहार बड़ी धूम-धाम से मनाए जाते हैं। इस वर्ष भी 19 अगस्त 2023 को हरियाली तीज तथा 13 जनवरी 2024 को लोहड़ी एवं मकर संक्रान्ति का पर्व प्राध्यापकों व विद्यार्थियों ने मिलकर बड़े हर्षोल्लास से मनाया ।

## Alumni Meet (Milan 2024)

20 अप्रैल 2024 को पूर्व छात्र मिलन समारोह Alumni Meet (Milan 2024) का आयोजन किया गया, जिसमें 1971 से 2023 तक के पूर्व छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर 1975 बैच के पूर्व छात्र श्री रामफल सहजलान मुख्य अतिथि रहे। समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। तत्पश्चात् पूर्व छात्रों ने अपनी पुरानी यादों को सांझा किया व भविष्य में महाविद्यालय की प्रगति के लिए आर्थिक योगदान देने का भी विश्वास जताया। इस कार्यक्रम का आयोजन संयोजिका डा. दीपा जुनेजा के दिशा-निर्देशन एवं डा. उमेश कुमार व डा. हरीशचन्द्र के सहयोग से हुआ।

# विभागीय गतिविधियाँ

महाविद्यालय के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यार्थियों की शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न परिषदों का गठन किया गया है। इन परिषदों व विभिन्न विभागों के अन्तर्गत समय समय पर विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित करवाई जाती है।

## अंग्रेज़ी विभाग

विभाग द्वारा बी.ए. द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम में निर्धारित नाटकों की स्क्रीनिंग आयोजित की गई । 10 फरवरी 2024 को The Monkey's Paw एवं 20 फरवरी 2024 को Before Breakfast की स्क्रीनिंग आयोजित की गई।

4 अप्रैल 2024 को विभाग द्वारा बी.ए.तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को William Shakespeare के नाटक The Merchant of Venice पर आधारित फिल्म दिखाई गई।

स्क्रीनिंग का उद्देश्य विद्यार्थियों के लिए एक शैक्षिक और मनोरंजक अनुभव प्रदान करना और साथ ही फिल्म के विषयों और संदेशों की चर्चा करना था।

विभाग के कार्यक्रम डा. शालिनी शर्मा व डा. मानसा राय के निर्देशन में सम्पन्न हुए।

## हिन्दी विभाग

14 सितम्बर 2023 को विभाग द्वारा 'हिन्दी दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' विषय पर एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 24 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कांता, मोनिका व अंजलि की टीम ने प्रथम, धर्मेश, प्रीति व प्रिया की टीम ने द्वितीय व नेहा, अंजलि व सोनी की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

दिनांक 10 जनवरी 2024 को 'विश्व हिंदी दिवस' के उपलक्ष्य में हिंदी विभाग व एन.सी.सी. यूनिट द्वारा 'राष्ट्र निर्माण और राजभाषा हिंदी' विषय पर एक विस्तार–व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष व ए.एन.ओ. कैप्टन (डॉ.) विकास कुमार थे। इस कार्यक्रम में 43 विद्यार्थी उपस्थित रहे। विभाग के सभी कार्यक्रम डॉ. विकास कुमार के निर्देशन में व डॉ. सिवेन्द्र चहल के सहयोग से सम्पन्न हुए।

## इतिहास विभाग

16 अगस्त 2023 को महाविद्यालय के इतिहास विभाग ने राजनीति शास्त्र विभाग के सहयोग से स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य में 'राष्ट्रीय ध्वज' विषय पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में Kusum/B.A.II / 2066 ने प्रथम, Monika / B.A. II / 2008 ने द्वितीय एवं Dimple / B.A. II / 2087 व Kanta / B.A. III/2078 ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। Krish / B.A. I /6007 व Ankita / B.A. II / 2039 को संयुक्त रूप से सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

3 अक्टूबर 2023 को गांधी जयंती के अवसर पर विभाग के विद्यार्थियों को गांधी फिल्म दिखाई गई।

27 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर Importance of Republic विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें Preeti/BA II /2041 ने प्रथम, Ankita / BA II /2039 ने द्वितीय एवं Manisha /BAIII/2112 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

13 फरवरी 2024 को स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन पर आधारित एक फिल्म दिखाई गई। विभाग के ये सभी कार्यक्रम डॉ.रीतू लाल के निर्देशन में आयोजित किए गए।

## राजनीति शास्त्र विभाग

25 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में विभाग द्वारा 'भारतीय संविधान की आत्मा : प्रस्तावना' विषय पर एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. ममता रानी द्वारा एक विस्तार व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। संवैधानिक मूल्यों एवं आदर्शों की प्रतिबद्धता हेतु शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

21 फरवरी 2024 को राजनीतिक विज्ञान विभाग एवं विज्ञान संकाय के संयुक्त तत्वाधान में भारतीय संविधान एवं वैज्ञानिक स्वभाव विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन करवाया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता ज्ञान विज्ञान समिति, हरियाणा की अध्यक्षा डॉ. सन्तोष मुद्गिल रहीं। हरियाणा विज्ञान मंच के सचिव श्री सतबीर नागल ने भी अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।

'विश्व विचार दिवस' के उपलक्ष्य में दिनांक 22 फरवरी 2024 को एलमुनी इन्टरेक्शन एवं मोटिवेशन स्पीच कार्यक्रम

का आयोजन किया गया, जिसका विषय था 'कुछ अलग सोचें'। कॉलेज के दो पूर्व छात्र डॉ. रवि, असिस्टैंट प्रोफेसर शिवाजी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय एवं कु. पूजा, असिस्टैंट प्रोफेसर, एम.के.जे. के. कॉलेज रोहतक ने उपरोक्त विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। विभाग के सभी कार्यक्रम डॉ. ममता रानी के दिशा-निर्देशन में आयोजित किए गए।

## संस्कृत विभाग

28 अगस्त, 2024 को विभाग द्वारा 'संस्कृत दिवस' के उपलक्ष्य में एक विस्तार - व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसका विषय था - 'वर्तमान काल में संस्कृत-अध्ययन की उपयोगिता', इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता श्री लाल नाथ हिन्दू महाविद्यालय, रोहतक से डॉ. प्रवीन शर्मा रहे।

27 अप्रैल 2024 को विभाग द्वारा एक 'सूक्ति-लेखन' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान Aakansha/B.A.-II / 2000, द्वितीय स्थान Anita / B.A.-I / 6003 व तृतीय स्थान Priti /B.A.-I / 6001 ने प्राप्त किया। विभाग के ये कार्यक्रम डॉ. उमेश कुमार के निर्देशन में आयोजित किए गए।

## गणित विभाग

8 नवम्बर, 2023 को विभाग द्वारा एक 'Presentation Competition' का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पाठ्यक्रम से संबधित विभिन्न विषयों पर Presentation दी। इस प्रतियोगिता में Hans Dev/BA I/6031 ने प्रथम, Heena/B.Sc. II/5001 ने द्वितीय व Preeti/B.A. III/2058 ने तृतीय स्थान हासिल किया।

18 अप्रैल 2024 को विभाग द्वारा Sudoku Contest का आयोजन किया गया। भाग लेने वाले विद्यार्थियों में से Heena /B.Sc.II / 5001 ने प्रथम, Garima / BCA- I/2003 ने द्वितीय व Ankit /B.Sc.II /5002 ने तृतीय स्थान हासिल किया। विभाग के ये कार्यक्रम डॉ. गुरविन्दर सिंह के निर्देशन व डा. पूनम अधलखा एवं डा. सतीश नरवाल के सहयोग से सम्पन्न हुए।

## मनोविज्ञान विभाग

10 अक्टूबर 2023 को World Mental Health Day के उपलक्ष्य में विभाग द्वारा 'Mental Health is a Universal Human Right' विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 27 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में Monika / B.A. I/6055 ने प्रथम, Tannu/B.A. I /6026 ने द्वितीय व Priyanka / B.A. III/2116 ने तृतीय स्थान हासिल किया। Tannu/B.A. III /2132 व Komal/B.A. I /6013 को सांत्वना पुरस्कार दिए गए।

9 अक्टूबर से 14 अक्टूबर 2023 तक Mental Health Promotion Week मनाते हुए 14 अक्टूबर 2023 को मनोविज्ञान विभाग व Career Counselling and Guidance Cell के संयुक्त तत्वावधान में एक 'स्लोगन लेखन प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 18 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में Neha/BAII/2084 ने प्रथम, Manisha/BAII/2091 ने द्वितीय व Anjali / BA II/2138 ने तृतीय स्थान हासिल किया। Pooja/BA I /6143 व Reena/BAI /6140 को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

8 अप्रैल 2024 को World Health Day के अवसर पर विभाग द्वारा Healthy Lifestyle विषय पर एक Poster Making Competition का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 12 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें

Tannu/BAI /6026 ने प्रथम, Priyanka/BA II/2116 ने द्वितीय, Dimple /BAII/2087 ने तृतीय व Neha/BA II /2084 ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

8 अप्रैल 2024 को ही विभाग ने Career Counseling and Guidance Cell के साथ मिलकर Stress Management विषय पर 'Article Writing Competition' का आयोजन किया जिसमें निम्नलिखित विद्यार्थियों ने पुरस्कार हासिल किए।

1. Priyanka /BA II/2116
2. Neha /BA II/2084
3. Manisha/BAIII/2096
4. Komal/BA I/6013
5. Tannu/ BA I /6026

विभाग के ये सभी कार्यक्रम डा. चेतना के निर्देशन व डा. प्रोमिला के सहयोग से आयोजित किए गए।

## भूगोल विभाग

5 सितम्बर 2023 को विभाग द्वारा शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी व अपने गुरूजनों का आभार व्यक्त किया।

15 सितम्बर 2023 को विभाग ने पर्यावरण क्लब के साथ मिलकर ओजोन दिवस मनाया। इस अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता मे कुल 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें Sanjana/BA II/2056 ने प्रथम, Vandana / MA I/1008 ने द्वितीय व Kiran//MA II/1012 ने तृतीय स्थान हासिल किया।

27 अक्टूबर 2023 को विभाग में पी.जी. कक्षा में नवांगतुक विद्यार्थियों के स्वागत में Fresher's Party का धूमधाम से आयोजन किया गया।

21 फरवरी 2024 को विभाग द्वारा Map filling Competition का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 18 प्रतिभागी रहे, जिसमें Kanta / BA-III/2078 ने प्रथम, Amit / BA-II/2029 ने द्वितीय व Anita BA-III/2038 तृतीय स्थान हासिल किया।

7 मार्च 2024 को विभाग द्वारा एक Power Point Presentation Competition का आयोजन किया गया। जिसमें ने प्रथम, Babita MA-II /1011 ने द्वितीय, Jatin MA-II / 1001 व Meenakshi BA-III/2061 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

22 अप्रैल 2024 को भूगोल विभाग , पर्यावरण क्लब व Environment Interpretation Cell के संयुक्त तत्वावधान में एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की एसोसिएट प्रॉफैसर डा. दीपा जुनेजा ने अपने वक्तव्य में पृथ्वी संरक्षण पर बल दिया। विभाग में आयोजित उपरोक्त सभी कार्यक्रम श्रीमती उर्मिला दलाल, डॉ. सुमन, डॉ. रितु शर्मा, श्रीमती संगीता व श्री दीपक कुमार के निर्देशन में सम्पन्न हुए।

## वाणिज्य विभाग

27 अप्रैल 2024 को महाविद्यालय में एक Ad Making प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके विषय थे :

i) Mutual Fund Investment
ii) Solar Panel System
iii) e-vehicle

इस प्रतियोगिता में Bhoomi/B.Com.I/10012 ने प्रथम, Reenu/B.Com. I/10020 ने द्वितीय व Manisha/B.Com.I/10017 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यह कार्यक्रम डॉ. हरीशचन्द्र, कु. तरुणा, डॉ. नीरज अनेजा व कु. तान्या के दिशा–निर्देशन में आयोजित किया गया।

## कम्प्यूटर साईंस विभाग

2 नवम्बर 2023 को विभाग द्वारा 'Computer Technology' विषय पर एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान Saurabh Singh/B.C.A.I/2009, द्वितीय स्थान Muskan/B.C.A. III/2005 व तृतीय स्थान संयुक्त रूप से Mohit/B.C.A.I/2024 & Bhawna/B.Sc. III/5002 ने प्राप्त किया। यह कार्यक्रम श्रीमती लक्ष्मी, श्रीमती वन्दिता व श्रीमती कनिका के निर्देशन में आयोजित किया गया।

## अन्तर्महाविद्यालयीय गतिविधियाँ

24 जनवरी 2024 को राजकीय महिला महाविद्यालय, रोहतक में आयोजित Inter-District Level Science Exhibition में महाविद्यालय के भूगोल, मनोविज्ञान, कैमिस्ट्री व कम्प्यूटर साईंस विभाग की ओर से विभिन्न टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें भूगोल विभाग की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

## शैक्षणिक भ्रमण

शैक्षणिक भ्रमण का विद्यार्थियो के ज्ञानवर्धन में विशेष महत्व होता है। 13 फरवरी 2024 भूगोल विभाग की ओर से विद्यार्थियों को सूरजकुंड अन्तर्राष्ट्रीय शिल्प मेले का भ्रमण करवाया गया। इस भ्रमण में श्रीमती उर्मिला दलाल, डा. सतीश नरवाल, डॉ. रितू शर्मा, श्रीमती संगीता व श्री दीपक कुमार भी विद्यार्थियों के साथ मौजूद रहे।

## Parents Teacher Meeting (PTM)

9 अप्रैल 2023 को महाविद्यालय परिसर में Parents Teacher Meeting (PTM) का आयोजन किया गया, जिसमे अभिभावको ने प्राध्यापकों से मिलकर अपने बच्चों के शैक्षणिक विकास की जानकारी प्राप्त की। इस अभिभावक प्राध्यापक मिलन समारोह में प्राध्यापकों ने सत्रीय परीक्षा में छात्रों के प्रदर्शन की भी जानकारी दी। यह पीटीएम संयोजक डॉ. उमेश कुमार, डॉ. सुमन व डॉ. चेतना के निर्देशन में सम्पन्न हुई।

## Mentoring and Proctorial Duties

विद्यार्थियों के अधिगम, उपस्थिति एवं समग्र विकास को सुनिश्चित करने हेतु सभी प्राध्यापकों को विद्यार्थियों के ग्रुप का मैन्टर बनाया गया है। इस प्रकार प्राध्यापक प्रत्येक छात्र-छात्रा के विकास पर नज़र रखते हुए उनका भविष्य के लिए मार्गदर्शन करते हैं। मैंटरिंग को सुचारू रूप से चलाने के लिए डॉ. रितु लाल को चीफ मेन्टर बनाया गया है। माह के दूसरे व चौथे शुक्रवार को मैंटरिंग की कक्षा ली जाती है। साथ ही सभी प्राध्यापक प्रोक्टोरियल ड्यूटिज़ के माध्यम से महाविद्यालय में अनुशासन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं।

## Voter Awareness Cell

9 अक्टूबर 2023 , 24 नवम्बर 2023 व 3 जनवरी 2024 को प्रकोष्ठ ने Voter Awareness Camp का आयोजन किया, जिसमें महाविद्यालय के क्रमशः 68, 47 व 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। National Voter's Day के उपलक्ष्य में,25 जनवरी 2024 को आयोजित एक दिवसीय Voter Awareness Camp में एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया तथा विद्यार्थियों को वोट डालने की शपथ दिलाई गई। जिसमें महाविद्यालय के 44 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

5 मार्च 2024 को जागरूकता अभियान के तहत एक रैली व शपथ का आयोजन किया गया, जिसमें 34 विद्यार्थियों ने अपनी भागीदारी निभाई। इन सभी कार्यक्रमों का आयोजन डॉ. सतीश नरवाल के दिशा निर्देशन व डॉ. सुमन एवं डॉ. हरीशचन्द्र के सहयोग से हुआ।

## Women Cell

12 अक्टूबर 2023 को प्रकोष्ठ द्वारा Mehandi Competition का आयोजन किया गया, जिसमें Khushboo/BA II/ 2128 ने प्रथम, Ankita / BA III/2033 ने द्वितीय व Manisha / B.Com III/ 2014 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । प्रकोष्ठ के कार्यक्रम डॉ. सुमन के दिशा निर्देशन व डा. चेतना के सहयोग से आयोजित किए गए।

9 फरवरी 2024 को 'Health and Hygiene' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिससे महाविद्यालय के 38 विद्यार्थी लाभान्वित हुए।

## Placement Cell

4 अक्टूबर 2023 को राष्ट्रीय मानक विभाग, भारतीय मानक ब्यूरो और प्लेसमेंट/रोजगार व सूचना सेल के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का थीम, सैलिब्रेशन ऑफ वर्ल्ड स्टैण्डर्स डे रहा और इसमें 75 विद्यार्थियों के साथ कॉलेज स्टाफ सदस्यों ने भी भाग लिया।

दिनांक 26 अक्टूबर 2023 को प्लेसमैंट सेल की तरफ से 37 विद्यार्थियों ने एलपीएस बोसार्ड, रोहतक का एक दिवसीय औद्योगिक दौरा किया। इस दौरे में विद्यार्थियों ने नट बोल्ट आदि की निर्माण प्रक्रिया को सीखा।

दिनांक 08 फरवरी 2024 को प्लेसमैंट सेल के द्वारा विस्तार व्याख्यान What after Graduation का आयोजन किया गया, जिसमें Sh. R.C. Punia, State Awardee, Education Counselor ने विद्यार्थियों को स्नातक के बाद विभिन्न संभावनाओं से अवगत करवाया।

दिनांक 12 फरवरी को प्रकोष्ठ के द्वारा Placement Drive का आयोजन किया गया, जिसमें Mavan Solar Pvt. Ltd. ने Accounts Executive, Sales Executive, Service Helper आदि पदों के लिए इंटरव्यू लिए। इस ड्राइव में 14 विद्यार्थियों ने इंटरव्यू दिया एवं पांच विद्यार्थियों को ऑफर लैटर प्राप्त हुए।

यह सभी कार्यक्रम प्लेसमेंट सेल कोर्डिनेटर डा.पूनम अधलखा के दिशा निर्देशन में करवाए गए तथा इसमें डॉ. हरीश चन्द्र एवं डॉ. चेतना का सहयोग रहा।

## Traffic Interpretation Cell

18 सितम्बर 2023 को TIC व अमर उजाला फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 'पुलिस की पाठशाला' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को ट्रैफिक सम्बन्धित नियमों के प्रति जागरूक करना था। 13 अक्टूबर 2023 को Road Safety विषय पर MCQ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में Sneh Lata /BA II/2057 ने प्रथम, Shubham / B.Sc. II /5004 ने द्वितीय व Versha/BA II/2077 ने तृतीय स्थान हासिल किया। इन विजेता विद्यार्थियों ने तदुपरान्त डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, रोहतक में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। 10 फरवरी 2024 को Road Transport and Highway Ministry, Govt. of India के निर्देशानुसार महाविद्यालय में एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में Dharmesh /BA III/2005 ने प्रथम, Sanjana/BA II/ 2056 ने द्वितीय और Neha/BA II/ 2084 ने तृतीय स्थान हासिल किया। उपरोक्त सभी गतिविधियाँ संयोजिका डॉ. दीपा जुनेजा के निर्देशन व डॉ. पूनम अधलखा, डॉ. सतीश नरवाल एवं डॉ. पायल गुलाटी के सहयोग से आयोजित की गई।

## Anti-Sexual Harassment Cell

22 नवम्बर 2023 को प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 'कार्यक्षेत्र में महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न के विरूद्ध कानून' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता POSH (Protection of Women From Sexual Harrasment और POCSO Act की Master Trainer व सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट राखी बुद्धिराजा रही। यह कार्यक्रम प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. शालिनी शर्मा के निर्देशन व सभी सदस्यों के सहयोग से आयोजित किया गया।

## Yoga Club

Director General Higher Education के निर्देशानुसार महाविद्यालय के Time Table में 15 मिनट का ब्रेक दिया गया है। जिसमें महाविद्यालय का Yoga Club डॉ. पूनम अधलखा, डॉ. उमेश कुमार व डॉ. कृष्ण कुमार के निर्देशन में गतिविधियाँ आयोजित करवाता है, जो विद्यार्थियों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यन्त लाभप्रद हैं व उनकी कार्यक्षमता को बढ़ाने में मदद करती हैं।

## कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ

17 अगस्त 2023 को प्रकोष्ठ द्वारा महाविद्यालय में Cyber Security विषय पर विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे आई. जी. कार्यालय, रोहतक से बतौर रिसोर्स पर्सन पधारे। सब इंस्पैक्टर श्री राजू सिंधु ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के विविध आयामों, उनसे पैदा होने वाली समस्याओं व साइबर फ्रॉड से बचने के उपाय बताए। उनके साथ टीम में श्री त्रिलोचन, श्री विरेन्द्र भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

निदेशक, उच्चतर शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 20 अप्रैल 2024 को कॉलेज में सूचना का अधिकार विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 13 विद्यार्थियों ने भाग लिया। B.A.I की खुशबू ने प्रथम, बी.एससी. की पूजा ने द्वितीय और बी.ए. द्वितीय की अंजलि ने इस प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कॉलेज स्तरीय प्रतियोगिता के विजेताओं में से खुशबू व अंजलि ने राजकीय महाविद्यालय, सांपला में आयोजित 26 अप्रैल 2024 को कानूनी साक्षरता प्रतियोगिता में भाग लिया।

इस प्रकोष्ठ के सभी कार्यक्रम संयोजक कैप्टन ( डा. ) विकास कुमार के निर्देशन व सदस्यों डॉ. मानसा राय व डा. रीतु शर्मा के सहयोग से सम्पन्न हुए।

## Entrepreneurship Development Club (2023-2024)

प्रकोष्ठ द्वारा 12 सितम्बर 2023 को गूगल फार्म के जरिए MSME पर Registration किया गया। 25 अक्टूबर 2023 को EDC के द्वारा 37 विद्यार्थियों ने LPS Bossard Pvt. Ltd., Rohtak का एक दिवसीय औद्योगिक दौरा किया गया तथा Presentation के माध्यम से पूरी Company की कार्य प्रणाली को समझा।

23 जनवरी 2024 को Ministry of Small and Micro Enterprises, Govt. of India के तत्वावधान में एक दिवसीय सेमिनार Entrepreneurship Awareness का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में 63 विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा Food Processing, Coin Making, Khadi Village Enterprises आदि की जानकारी प्राप्त की।

2 फरवरी 2024 को NISM-SEBI के तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का विषय Financial Education for Young Citizens रहा, जिसमें 78 विद्यार्थियों एवं 23 स्टाफ सदस्यों को Mutual Funds, Capital Market, Demat Account आदि की जानकारी दी गई।

19 फरवरी 2024 से 23 फरवरी 2024 तक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के तत्वावधान में 5 दिवसीय प्रबन्ध कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कोनवोर्टिस कम्पनी के श्री सुनील देशवाल व कुमारी तन्वी ने 25 विद्यार्थियों को डिजीटल मार्केटिंग के गुण सिखाए तथा Google, Facebook, Linkedin आदि पर Business Account बनाना सिखाया। यह सभी कार्यक्रम इस क्लब की संयोजिका डॉ. पूनम अधलखा के दिशा-निर्देशन में करवाए गए तथा इसमें डॉ. मानसा रॉय का सहयोग रहा।

## Earn While You Learn

4 अक्टूबर 2023 को राष्ट्रीय मानक निकाय भारतीय मानक ब्यूरों व अर्न व्हाईल यू लर्न के संयुक्त तत्वावधान में सामान्य तक जागरूकता पहुंचाने के लिए 'यूथ टू यूथ क्नेक्ट' प्रोग्राम में 25 विद्यार्थियों को इनरोल किया गया। इसके तहत विद्यार्थियों को अपने दोस्तों, पड़ोसियों आदि को 9.10.2023 से 16.10.2023 तक मानकों की जानकारी BIS PPTऔर BIS CARE APP के द्वारा देनी थीं इसमें 14 विद्यार्थियों ने क्वालिफाई किया, जिन्हें Bureau of Indian Standards की तरफ से ₹1500/- प्रति विद्यार्थी Honorarium दिया गया। यह कार्यक्रम डा. पूनम अधलखा के दिशा निर्देशन में करवाया गया तथा इसमें डा मानसा रॉय एवं डा. सुमन का सहयोग रहा।

## प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएँ

महाविद्यालय में प्राथमिक चिकित्सा सुविधा का भी प्रावधान है जिसमें आवश्यकतानुसार विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध करवाई जाती है। 15 फरवरी 2024 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 133 विद्यार्थियों को कृमि नियंत्रण की दवाई खिलाई गई तथा डा. कमला वर्मा ( SMO, Kalanaur ) ने विद्यार्थियों को स्वच्छता की महत्ता के बारे में बताया। इस कार्यक्रम का आयोजन डा. पूनम अधलखा के दिशा निर्देशन में करवाया गया।

## Environmental Club

15 सितम्बर 2023 को पर्यावरण क्लब व भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ओजोन दिवस के उपलक्ष्य में एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में Sanjana/BAII/2056 ने प्रथम स्थान, Vandana/MAI/1008 ने द्वितीय स्थान व Kiran/MAII/1012 ने तृतीय स्थान हासिल किया।

## YRC/RRC

14 अगस्त 2023 को प्रकोष्ठ द्वारा एक मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में HIV/AIDS के प्रति जागरूकता फैलाना था। 18 अगस्त 2023 को एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के प्रतिभागियों ने 22 अगस्त 2023 को TB Hospital, Rohtak द्वारा आयोजित जिला स्तरीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया। 30 सितम्बर 2023 को महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा आयोजित National Voluntary Blood Donation Day Programme में Councellor Dr. Satish Narwal सहित 3 विद्यार्थियों ने भाग लिया। 3-7 अक्टूबर 2023 तक Dr. Satish Narwal सहित 5 विद्यार्थियों ने MKJK College, Rohtak में आयोजित 5 दिवसीय जिला स्तरीय YRC Training Camp में भाग लिया। 10 अक्टूबर 2023 को डा. सतीश नरवाल व डॉ. कृष्ण कुमार (सहायक प्राध्यापक, शारीरिक शिक्षा विभाग) के दिशा-निर्देशन में महाविद्यालय परिसर में एक Health-Check-Up Camp का आयोजन किया गया।

3 नवम्बर 2023 को डा. सतीश नरवाल, श्रीमती लक्ष्मी व 4 विद्यार्थियों ने Saini Co-Education College द्वारा आयोजित 'Training of Nodal Officers and Peer Educators में भाग लिया। 30 नवम्बर 2023 को प्रकोष्ठ द्वारा HIV/AIDS पर जागरूकता फैलाने के लिए एक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के 48 विद्यार्थियों

ने भाग लिया। 1 दिसम्बर 2023, 18 जनवरी 2024 व 8 अप्रैल 2024 को HIV/AIDS & TB विषय पर विभिन्न विस्तार व्याख्यानों का आयोजन किया गया।10 अप्रैल 2024 को प्रकोष्ठ द्वारा विद्यार्थियों को AIDS Awareness विषय पर एक डॉक्यूमेंटरी फिल्म दिखाई गई।प्रकोष्ठ के सभी कार्यक्रम डा. सतीश नरवाल के दिशा-निर्देशन व श्रीमती लक्ष्मी के सहयोग से सम्पन्न हुए।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

## यूनिट-I & II

महाविद्यालय की एन.एस.एस. युनिट (I & II) के संयुक्त तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस (26 जुलाई) के उपलक्ष्य में 23 जुलाई 2023 से 29 जुलाई 2023 तक वृक्षारोपण सप्ताह चलाया गया। 27 जुलाई 2023 को स्वयंसेवकों प्लास्टिक मुक्त अभियान के अन्तर्गत प्लास्टिक और पॉलिथीन मुक्त थीम पर स्लोगन बनाए और इनके माध्यम से प्लास्टिक प्रदूषण के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाई तथा महाविद्यालय के आस-पास के क्षेत्र में रैली निकालकर दुकानदारों व ग्रामीणों को प्लास्टिक प्रयोग न करने के लिए जागरूक किया 12 अगस्त 2023 को 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत पंच प्रण शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 14 अगस्त 2023 को 77वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर एन.एस.एस. युनिट (I & II) द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। 04 सितम्बर 2023 को हरियाणा को नशा-मुक्त बनाने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा संचालित साइक्लोथॉन यात्रा एस.जे.के. कॉलेज पहुँची। जिला उपायुक्त श्री अजय कुमार ने युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। 5 सितम्बर 2023 को 'नशा-मुक्ति अभियान', 'पर्यावरण सुरक्षा' व 'प्लास्टिक मुक्त हरियाणा' विषयों पर पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान Dharmesh/B.A.III/2005, द्वितीय स्थान Neha/B.A.III/2084 व तृतीय स्थान Nishant/B.Com. II/3002 ने प्राप्त किया। 27 अक्टूबर को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया। इसके अतिरिक्त स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं ने कलानौर के मेन बाजार से होते हुए 'वोकल फॉर लोकल' के बारे में समाज को जागरूक करने हेतु रैली निकाली। 05 मार्च 2024 को स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं ने कॉलेज कैम्पस में स्वच्छता अभियान चलाया एवं आसपास के क्षेत्र को प्लास्टिक-मुक्त किया। इसके उपरांत स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं ने कॉलेज द्वारा गोद लिए गाँव आंवल के नागरिकों को रैली के माध्यम से वोट के अधिकार व स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने नथिंग लाईक वोटिंग, आई वोट फॉर श्योर के सेल्फी प्वाइंट पर बढ़-चढ़ कर सेल्फी ली और सोशल मीडिया पर शेयर किया। 22 मार्च 2024 से 28 मार्च 2024 तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेविकाओं की सेवा का मुख्य केन्द्र कलानौर का रविदास मौहल्ला रहा। दिन व रात्रि के इस शिविर का उद्देश्य इस वर्ष के थीम आत्म निर्भर भारत व Entrepreneurship को बढावा देना था। इसके अतिरिक्त वित्तीय साक्षरता, स्वच्छता अभियान, सड़क सुरक्षा, जल संरक्षण एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ इत्यादि पर समाज में जागरूकता हेतु विभिन्न गतिविधियाँ करवाई गई।

22 मार्च से 28 मार्च 2024 तक एन.एस.एस. युनिट 1 द्वारा आँवल गाव में एक सप्तदिवसीय शिविर का आयोजन किया

गया। इस वर्ष शिविर का थीम था-आत्मनिर्भर भारत व Entrepreneurship स्वयंसेवकों ने पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता, डोर टू डोर कैम्पेन व रैली आदि के माध्यम से, ग्रामीणों को विभिन्न सामाजिक विषयों के प्रति जागरूक भी किया। N.S.S. Unit-I की सभी गतिविधियाँ प्रोग्राम अफिसर डा. उमेश कुमार व Unit-II दूसरी की सभी गतिविधियाँ डॉ. मानसा राय के निर्देशन में करवाई गई। एन.एस.एस. की सभी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेने व सेवा भाव के आधार पर Unit-I से Irfan/B.A.III/2016 को सर्वश्रेष्ठ स्वंयसेवक तथा Unit-II द्वितीय से Parul/B.A.III/2023 को सर्वश्रेष्ठ स्वंयसेविका के रूप में चयनित किया गया।

## स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं के अनुभव

एक स्वयंसेविका के रूप में सात दिवसीय एन.एस.एस. विशेष शिविर में भाग लेने का अवसर एक ऐसा अनुभव था जिसने मेरे जीवन को गहराई से प्रभावित किया। यह मेरा पहला अनुभव था और अन्य स्वयंसेविकाओं के साथ रहने में मुझे शुरूआत में झिझक भी थी और उत्साह भी। पहले ही दिन, उद्‌घाटन के दौरान, मुख्य अतिथि, श्री शादी लाल बत्तरा जी के प्रेरणादायी वक्तव्य ने हम सभी को ऊर्जा से भर दिया और उन्होंने हमसे सेवा-भाव को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेने का आह्वाहन किया। प्राचार्य महोदय डॉ. नरेश कुमार दुआ जी ने हमें एन.एस.एस वॉलन्टियर होने का महत्व समझाया और अपने आचार-व्यवहार और सेवा भाव से कॉलेज का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. उमेश कुमार ने सेवा और अनुशासन का संदेश दिया। डॉ. मानसा राय ने अगले सात दिनों तक अनेक गतिविधियों का आयोजन किया, जिनसे हमें बहुत कुछ सीखने का अवसर प्राप्त हुआ। टीम बनाकर हमने कई कार्य किए जिससे हमारे अन्दर समूह भावना का विकास हुआ। प्रतिदिन प्रात:काल योग, ईश्वर वंदन एवं सांयकाल में सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन होता था। खेल के माध्यम से हमें शारीरिक और मानसिक रूप से चुनौतियों का सामना करने की सीख प्राप्त हुई। पूरे शिविर के दौरान मैं अपने साथी स्वयंसेविकाओं के समर्पण और निस्वार्थता से अत्यंत प्रभावित हुई। मंच संचालन करना, युवा संवाद, रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और सांस्कृतिक गतिविधियों मे हिस्सा लेकर मैने अपने आप को चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए प्रेरित पाया। रविदास मौहल्ला कलानौर जो कि हमारा कार्यस्थल था,वहाँ हमने रैली के माध्यम से लोगों को विभिन्न सामाजिक विषयों के प्रति जागरूक किया। समुदाय के प्रति अपनी सेवा प्रदान करने के सफल प्रयास के बाद मुझे अद्‌भुत अनुभूति हुई। इस शिविर के दौरान मैंने जो सबक सीखे, अन्य स्वयंसेविकाओं के साथ जो रिश्ते बनाए और जो यादें बनाई, वे हमेशा मेरे दिल में अंकित रहेंगी।

**Sanjana/B.A.II/2056**

मैं बी.ए. अंतिम वर्ष की छात्रा हूं और एन.एस.एस. के ये तीन वर्ष मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण रहे। इस दौरान समाज सेवा करने और अपने व्यक्तित्व का विकास करने के भी मुझे अनेक अवसर मिले। एन.एस.एस. सात दिवसीय विशेष शिविर में भाग लेने का यह मेरा दूसरा अवसर था। 22.3.24 से 28.3.2024 तक आयोजित सात दिवसीय शिविर के अनुभव को मैं इस लेख के माध्यम से सांझा करना चाहूंगी। मेरे लिए यह शिविर एक परिवर्तनकारी यात्रा रही। इस शिविर में

आयोजित गतिविधियों ने मेरे मन पर बहुत सकारात्मक प्रभाव डाला है और एक बेहतर नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया है। शिविर के दौरान आस-पास के क्षेत्र की सफाई करना, टीम बनाकर अनके गतिविधियों में भाग लेना, विचारों का आदान-प्रदान करना इन सब अनुभवों ने मेरे मन पर गहरी छाप छोड़ी है। शिविर में बिताए प्रत्येक क्षण वास्तव में समृद्ध थे जिनसे हमें एक दूसरे से सीखने का अवसर प्राप्त हुआ। इस शिविर से मैने जो सीख प्राप्त की है वह मेरे लिए अमूल्य है। श्री शादी लाल बत्तरा जी के वक्तव्य ने मुझे समुदाय के प्रति अपनी सेवा जारी रखने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया है। डॉ. मानसा राय जी ने मेरी क्षमताओं में अपना अटूट विश्वास रखा और मुझे अपनी रुचियों और अपने सपनों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके सौम्य व्यक्तित्व और मधुर वाणी ने मेरे हृदय पर जो छाप छोड़ी है वो मैं जीवनभर नही भूल पाऊंगी। उनके सौम्य व्यक्तित्व और मधुरवाणी के प्रभाव के कारण मैं अपने व्यक्तित्व और व्यवहार में भी बदलाव को अनुभव करती हूँ। एन.एस.एस स्वयंसेविका होने पर मैं बहुत गौरवान्वित महसूस करती हूँ और इस शिविर में प्राप्त अनुभव जीवनपर्यन्त मेरे साथ रहेंगे।

**Bharti/B.A.III/2114**

मैं रोहित, स्नातक तृतीय वर्ष का छात्र हूं, इस लेख के माध्यम से मैं एन.एस.एस. के सात दिवसीय शिविर (22.3.2024 से 28.3.2024) के अनुभव सांझा करना चाहता हूँ। उद्घाटन सत्र में सत् जीन्दा कल्याणा एजुकेशन सोसायटी के प्रधान माननीय श्री शादी लाल बत्तरा जी ने सभी स्वयंसेवकों का अपने आशीर्वचनों से उत्साहवर्धन किया और हमें समझाया कि महाविद्यालय की सबसे महत्वपूर्ण इकाई छात्र ही हैं। प्राचार्य डा. नरेश कुमार दुआ जी ने हमे अनुशासन में रहने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दौरान हमें न केवल समाज सेवा की सीख मिली बल्कि नैतिक व आध्यात्मिक भावनाओं का भी विकास हुआ। शिविर में होने वाली गतिविधियों से मेरे अन्दर टीम भावना भी विकसित हुई। इस सप्तदिवसीय शिविर की यादें हमेशा मेरे साथ बनी रहेंगी।

**Rohit/B.A.III/2007**

मैं, इरफान, बी.ए.तृतीय वर्ष का छात्र हूँ। सौभाग्य से मुझे लगातार तीन वर्षो तक एन.एस.एस. के तीन सप्त दिवसीय शिविरों में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ। एन.एस.एस. से जुड़ने के बाद मेरे अन्दर सेवा की भावना का विकास हुआ। 22 मार्च से 28 मार्च 2024 तक चले सप्त-दिवसीय शिविर के दौरान कार्यक्रम अधिकारी डा. उमेश कुमार ने सेवा और अनुशासन की सीख दी। यह शिविर कॉलेज के गोद लिए गाँव आंवल में लगाया गया था। गाँव में जाकर हमें ग्रामवासियों से मिलने व उनकी समस्याओं को जानने का मौका मिला। डोर टू डोर कार्यक्रम रैली के माध्यम से हमने ग्रामवासियों को सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक किया। शिविर के दौरान विशिष्ट वक्ताओं के व्याख्यानों से आत्मनिर्भरता की भावना प्रबल हुई। एन.एस.एस. से मिली सीख जीवन भर मेरे लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

**Irfan/B.A.III/2016.**

## National Cadet Corps

यह वर्ष एन.सी.सी. यूनिट के लिए ऐतिहासिक सफलता का रहा। यूनिट के कैडेट सार्जेंट अंकित/ बी.एस.सी-II ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण के बलबूते एन.सी.सी. की सर्वाधिक प्रतिष्ठित गतिविधि Republic Day Camp में भाग लिया। बटालियन, ग्रुप निदेशालय स्तर पर एक के बाद एक कैम्प सफलतापूर्वक पूरा करते हुए अंकित ने जनवरी 2024 में नई दिल्ली में आयोजित RDC व PM Rally में भाग लिया ।कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान श्री शादी लाल जी बत्तरा व प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने अंकित की सफलता को पूरे कॉलेज व पूरे क्षेत्र की सफलता कहा और अंकित को विशेष रूप से बधाई दी।

एन.सी.सी. यूनिट के कैडेट सतगुरूदास का चयन भारतीय सेना में हुआ जो कॉलेज के लिए अपार गर्व का विषय है।

7 कैडेट्स ने 2-3 जुलाई 2023 तक BRCM, Bahal में आयोजित ATC-108 में भाग लिया।

कैडेट सुशील ने 5-14 जुलाई 2023 तक गुरू जम्भेश्वर यूनिवर्सिटी, हिसार में आयोजित CATS-104 में भाग लिया।

कैडेट धर्मेश ने 15-24 जुलाई 2023 तक पंजाब में आयोजित PDLC (Personality Development & Leadership skills) कैम्प में भाग लिया।

14 अगस्त 2023 को ANO के निर्देशन में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कैडेट्स ने देश की माटी को लेकर पांच प्रण लिए। साथ ही हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगे के साथ और माटी के साथ सैल्फी को वेबसाइट पर अपलोड करने बारे समझा।

एन.सी.सी यूनिट के 2 कैडेट्स सुशील और पंकज जिलास्तरीय स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के लिए 11 हरियाणा बटालियन भिवानी की टीम में चयनित हुए और उन्होंने 15 अगस्त 2023 को भिवानी जिला प्रशासन द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस परेड में हिस्सा लिया।

15 अगस्त 2023 को बटालियन में हुए सम्मान समारोह में दो कैडेट्स सतगुरूदास और पूजा को क्रमश: बी और सी प्रमाणपत्र की मैरिट सूची में स्थान बनाने पर सी.ओ. द्वारा सम्मानित किया गया।

29 अगस्त 2023 को कॉलेज में NCC Enrollment कार्यक्रम आयोजित किया गया। 11 हरियाणा बटालियन के कॅमांडिग ऑफिसर कर्नल रणधीर सिंह व बटालियन के अन्य अधिकारियों द्वारा निर्धारित चयन प्रकिया के पश्चात् 38 विद्यार्थियों का चयन वर्ष 2023-24 बैच के लिए एन.सी.सी. यूनिट में किया गया।

11-20 अक्टूबर 2023 तक BRCM, Bahal में आयोजित CATC-114 में 12 कैडेट्स ने भाग लिया।

14-23 नवम्बर 2023 तक BRCM, Bahal में आयोजित CATC-117 में 5 कैडेट्स ने भाग लिया।

जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड के लिए कैडेट यशवीर का चयन हुआ और उन्होंने बटालियन की ओर से जिला भिवानी के जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में भाग लिया।

27 जनवरी 2024 को नेता जी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर कॉलेज में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। ANO द्वारा संबंधित विषय पर विस्तार व्याख्यान दिया गया। साथ ही कैडेट्स द्वारा एक जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसे प्राचार्य नरेश कुमार दुआ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कमांडिंग ऑफिसर के निर्देशानुसार 13.2.2024 को एन.सी.सी यूनिट द्वारा कॉलेज में राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया । इस अवसर पर कैडेट्स ने विभिन्न प्रकार के पोस्टरों द्वारा महिलाओं के अधिकारों का संदेश दिया व ANO ने अपने

वक्तव्य में श्रीमती सरोजनी नायडू जी के कार्यों व आदर्शों के बारे मे विस्तार से बताया।

15 फरवरी 2024 को एन.सी.सी यूनिट द्वारा एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता कमांडिग ऑफिसर, 11 हरियाणा बटालियन भिवानी थे। उन्होने Personality Development & Leadership विषय पर कैडेट्स को जानकारी प्रदान की।

इस यूनिट की सभी गतिविधियाँ ANO कैप्टन (डॉ.) विकास कुमार के नेतृत्व में सम्पन्न होती हैं। डॉ. विकास कुमार ने 7 जुलाई 2023 को 'हरियाणा बटालियन' एन.सी.सी. भिवानी द्वारा आयोजित ANO's CONFERENCE में भाग लिया। 17 से 29 अक्टूबर 2023 अबोहर पंजाब में आयोजित Army Attachment Camp में उन्हें 11 हरियाणा बटालियन एन.सी.सी. भिवानी की ओर Contingent Commander का दायित्त्व सौंपा गया। 13 दिसम्बर 2023 को उन्होंने 11 हरियाणा बटालियन भिवानी द्वारा आयोजित (Online) ANO's Conference में भाग लिया। 9 अप्रैल 2024 को Govt. College, Bhiwani द्वारा आयोजित SSB Capsule Training Programme में उन्होंने Personality Development विषय पर विस्तार व्याख्यान दिया। 24 अप्रैल 2024 को उन्होंने 11 हरियाणा बटालियन, भिवानी द्वारा आयोजित CTO-Cadre 2024 Training Programme में Caretaker Officers को Personality Development विषय पर व्याख्यान दिया। 25 अप्रैल 2024 को उन्होंने ANO Conference में भाग लिया। हर्ष का विषय है कि इस वर्ष डॉ. विकास कुमार 19 अक्टूबर 2023 से लेफ्टीनेंट से कैप्टन के पद पर पदोन्नत हुए।

## University Outreach Programme

डॉ. ममता रानी ने 29 नवम्बर 2023 को महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गाँव आंवल के राजकीय व.मा. विद्यालय में 'मूल्य शिक्षा-समाज का आधार विषय पर एक विस्तार व्याख्यान प्रस्तुत किया।

'अहिंसा सप्ताह' के उपलक्ष्य में 4 अक्टूबर 2023 को 'साम्प्रदायिक सद्भाव' विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। यह कार्यक्रम UOP एवं Cultural Committee के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित करवाया गया। साथ ही अहिंसा को बढ़ावा देने के लिए शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन भी करवाया गया।

'कर्त्तव्यनिष्ठ नागरिक एवं समृद्ध भारत' अभियान 05 मार्च 2024 को आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित ड्राईविंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सड़क नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को गुलाब का फूल भेंट कर सम्मानित किया गया। पर्यावरण सरंक्षण हेतु पॉलिथीन मुक्त गाँव का सन्देश देते हुए जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय प्राँगण में ' नथिंग लाइक वोटिंग, आई वोट फॉर श्योर' विषय पर सेल्फी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रहित में मताधिकार के सदुपयोग के लिए 'मतदाता शपथ ग्रहण' कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस प्रकोष्ठ के सभी कार्यक्रम कोर्डिनेटर डॉ. ममता रानी के दिशा निर्देशन व डॉ. हरीश चन्द्र के सहयोग से आयोजित किये गए।

### छात्र उत्कर्ष योजना

महाविद्यालय में निर्धन एवं मेधावी विद्यार्थियों की वित्तीय सहायता के लिए 'छात्र उत्कर्ष योजना' उपलब्ध है। 2023-2024 में इस योजना से अनेक विद्यार्थी लाभान्वित हुए।

## फीस माफी, वित्तीय सहायता एवं छात्रवृत्तियाँ

प्रत्येक सत्र में विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से निम्न छात्रवृत्तियाँ व पुरस्कार भी प्रदान किए जाते है

1. अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति से सम्बन्धित विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति।
2. पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्तियाँ
3. हरियाणा राज्य मैरिट छात्रवृत्तियाँ
4. अल्प आय वर्ग हेतू छात्रवृत्ति योजना
5. राज्य (शिक्षा) कल्याण स्कीम/विमुक्त जातियाँ एवं टपरीवास छात्रों के लिए छात्रवृत्तियाँ
6. राष्ट्रीय योग्यता छात्रवृत्ति योजना
7. भूतपूर्व सैनिकों को आगामी शिक्षा योजनाओं से सम्बन्धित छात्रवृत्तियाँ
8. विकलांग छात्रों के लिए छात्रवृत्तियाँ
9. सीता राम जिन्दल फाउण्डेशन (नई दिल्ली) छात्रवृत्ति
10. राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान संस्कृत प्रवीणता छात्रवृत्ति।
11. बी.ए.प्रथम वर्ष में मनोविज्ञान विषय लेने वाले 10+2 में सर्वाधिक अंक प्राप्त विद्यार्थी को गाशा छात्रवृत्ति।
12. श्री मनोहर लाल जुनेजा मैमोरियल छात्रवृत्ति - बी.ए. तृतीय वर्ष में प्रथम आने वाली विद्यार्थी को 5100/- रूपये की छात्रवृत्ति।
13. श्रीमती शशि सलूजा छात्रवृत्ति - बी.एस.सी. तृतीय वर्ष में प्रथम आने वाले छात्र को 5100/- रूपये की छात्रवृत्ति
14. बी.कॉम. प्रथम, तृतीय व पंचम सैमेस्टर में प्रथम आने वाले छात्र को 2100/- रूपये के रूप में स्वर्गीय श्री एस. आर. शर्मा अवार्ड।
15. बी.कॉम द्वितीय, चतुर्थ व षष्ठ सैमेस्टर में प्रथम आने वाले छात्र को 2100/- रूपये के रूप में स्वार्गीय श्रीमती सुशीला भास्कर अवार्ड।
16. बी.ए. प्रथम व द्वितीय वर्ष में इतिहास विषय में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थी को स्वर्गीय श्री एल.डी. लाल मैमोरियल अवार्ड।
17. स्व. श्री एस.आर. शर्मा मेमोरियल छात्रवृत्ति।
18. स्व. श्रीमती सुशीला भास्कर मेमोरियल छात्रवृत्ति।

## शैक्षणिक एवं अनुसंधान के क्षेत्र में प्राध्यापक वर्ग का योगदान

**डॉ. नरेश कुमार दुआ** को दो वर्ष के लिए महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक की अकादमिक परिषद् व खेल परिषद् के सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। रोहतक जिले के सरकारी महाविद्यालयों की एकैडमिक एवं एडमिनिस्ट्रेटिव ऑडिट के लिए डी.जी.एच.ई. द्वारा विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त किया गया। आईक्यूएसी, वैश्य महिला महाविद्यालय, रोहतक में बाह्य विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया। एक वर्ष के लिए महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक यूएमसी समिति के सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया।

11 अक्टूबर 2023 और 31 अक्टूबर 2023 को महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक में सी.एम. फैलोशिप परियोजना प्रस्ताव मूल्यांकन समिति की बैठक में भाग लिया।

15 दिसम्बर, 2023 को महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक में अकादमिक परिषद् की बैठक में भाग लिया।

19 दिसम्बर 2023 को हरियाणा के सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेजों की NAAC के संबंध में ऑनलाइन समीक्षा बैठक में भाग लिया।

9 जनवरी 2024 को डीजीएचई, पंचकुला, हरियाणा द्वारा NIRF विषय पर आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।

4 मई 2024 को महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा आयोजित NEP-2020 पर एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।

7 मई 2024 को हरियाणा के सरकारी सहायता प्राप्त निजी कॉलेजों की NAAC स्थिति अद्यतनीकरण की ऑनलाइन समीक्षा बैठक में भाग लिया।

29 मई 2024 को अपने ही महाविद्यालय के कम्प्यूटर साईंस विभाग द्वारा गैर शिक्षण कर्मचारियों के लिए आयोजित एक दिवसीय एफडीपी की अध्यक्षता की।

27 जून 2024 को महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक में अकादमिक परिषद की बैठक में भाग लिया।

**डॉ. रितुलाल** को 18 अप्रैल 2024 को दो वर्ष के लिए यू.जी. बोर्ड ऑफ स्टडीज (इतिहास एवं पुरातत्त्व विभाग, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक) का सदस्य मनोनीत किया गया।

2 मार्च 2024 को पं. नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक द्वारा आयोजित NEP-2020 विषय पर आयोजित जिलास्तरीय कार्यशाला में भाग लिया।

डॉ. रितु लाल का 'भारतवर्ष में नारी की स्थिति का ऐतिहासिक विश्लेषण : वेदों एवं महाकाव्यों के सन्दर्भ में' विषय पर लिखा लेख सम्पादित पुस्तक 'भारतीय समाज एवं महिलाएं : बदलती दशाएँ एवं संभावनाएँ' में प्रकाशित हुआ।

**डॉ. शालिनी शर्मा** ने 2 मार्च 2024 को पं. नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक द्वारा आयोजित NEP-2020 विषय पर आयोजित जिलास्तरीय कार्यशाला में हिस्सा लिया।

**डॉ. गुरविन्दर सिंह** ने 26 सितम्बर 2023 को 'Future Universities' विषय पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में भाग लिया।

23 फरवरी 2024 को पं नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला में हिस्सा लिया, जिसका विषय था 'DCF, AISHE Survey 2022-23'

20-21 अप्रैल 2024 को पं नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक द्वारा आयोजित नेशनल कांफ्रेस में एक शोध पत्र प्रस्तुत किया, जिसका शीर्षक था Reliability Polynomial of Ladder - Type Graphs'.

4 मई 2024 को महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा 'Thrust Areas of NEP Implementation in Colleges' विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में हिस्सा लिया।

मई 2024 में Italian Journal of Pure and applied Mathematics, Vol-51 में एक शोध-पत्र प्रकाशित हुआ, जिसका विषय था 'On Divisor Labeling of Co-prime Order Graphs of Finite Groups'।

**डॉ. ममता रानी** ने एक पुस्तक का सम्पादन किया, जिसका विषय था 'भारतीय समाज एवं महिलाएं बदलती दशाएं एवं संभावनाएं' ISBN/978-93-87632-92-9। 13 मई 2024 को हमारी संस्था के प्रधान श्री शादी लाल बत्तरा जी के कर कमलों द्वारा इस पुस्तक का विमोचन किया गया। 2024 में 'गाँधी चिन्तन के विविध आयाम' विषय पर प्रकाशित पुस्तक में डा. ममता रानी का गाँधी दर्शन की प्रासंगिकता : वर्तमान विश्व में मानवीय मूल्यों के संदर्भ' में शीर्षक पर एक लेख प्रकाशित हुआ।

**डॉ. विकास कुमार** को 24 सितम्बर 2023 को दादरी, हरियाणा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय साहित्यकार साहित्य सम्मान समारोह में निर्मला स्मृति हरियाणा गौरव साहित्य स्मारक से सम्मानित किया गया।

**डॉ. पूनम अधलखा** ने 24-31 दिसम्बर 2023 तक महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा आयोजित NEP-2020 Orientation and Sensitization Programme में भाग लिया।

2 फरवरी 2024 को महाविद्यालय परिसर में NISM-SEBI, Govt. of India द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में हिस्सा लिया जिसका विषय था 'Financial Education for Young Citizens'.

19-23 फरवरी 2024 तक MSME, Govt. of India द्वारा आयोजित Digital Marketing पर आयोजित पांच दिवसीय Management Development Programme में भाग लिया।

15-16 मार्च 2024 को आदर्श महिला महाविद्यालय, भिवानी द्वारा आयोजित द्विदिवसीय अन्तर्विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किया जिसका शीर्षक था 'Women in Atmanirbhar Bharat-Opportunities and Challanges

**डॉ. सतीश नरवाल** ने 9-22 दिसम्बर, 2023 तक UGC-HRDC, BPSMV, Khanpur Kalan (Sonipat) द्वारा आयोजित ऑनलाइन रिफ्रैशर कोर्स में हिस्सा लिया, जिसका विषय था Mathematics in India: From Vedic Period to Modern Times'

24-31 दिसम्बर 2023 तक महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा आयोजित NEP-2020 Orientation and Sensitization programme में भाग लिया। 1 मार्च 2024 को गुरूग्राम विश्वविद्यालय, गुरूग्राम के गणित विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में एक शोध पत्र प्रस्तुत किया। संगोष्ठी का विषय था : Recent Developments in Mathematical Sciences and Applications (NSRDMSA-2024)

**डॉ. मानसा राय** ने 16 मार्च 2024 को वैश्य महिला विश्वविद्यालय, रोहतक की एन एस एस ईकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर में 'Role of NSS in Atmanirbhar Bharat' विषय पर विस्तार व्याख्यान दिया।

**डॉ. उमेश कुमार** ने 7 फरवरी 2024 को महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक के संस्कृत विभाग में एक विस्तार व्याख्यान दिया। 30-31 मई 2024 को गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय हरिद्वार द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय शोध-संगोष्ठी में एक शोध-पत्र प्रस्तुत किया ।

**डॉ. सुमन** ने 9-10 फरवरी 2024 को दयाल सिंह कॉलेज, करनाल में आयोजित 23rd Association of Punjab Geographers Meet में एक शोध-पत्र प्रस्तुत किया, जिसका शीर्षक था Urban Solid Waste Management In Rohtak Municipal Corporation : An Analytical Study. 14 मार्च 2024 को GVM Girls College, Sonepat में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में एक शोध-पत्र प्रस्तुत किया जिसका शीर्षक था Analysis of the School Facilities and Sustainability in Sonipat City. 04-09 मार्च 2024 को Entrepreneurial Excellence in Higher Education : Navigating Trends And Challenges in Professional Courses विषय पर आयोजित एक सप्त दिवसीय Faculty Development Programme में हिस्सा लिया। 5 मार्च 2024 को महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग में शोध-निर्देशिका के रूप में चयन हुआ । 20-21 मार्च 2024 को Gaur Brahmin College of Education, Rohtak द्वारा आयोजित दो-दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में एक शोध-पत्र प्रस्तुत किया, जिसका शीर्षक था। 'A Study of School Facilities and Their Sustainability in Sonipat City.

**श्री हरीशचन्द्र** को 6 मई 2024 को महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक के वाणिज्य विभाग से डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त हुई, जिसके शोध-प्रबन्ध का विषय था Mutual Funds Performance and Effect of Corporate Information on Investment Pattern of Retail Investors.

**डॉ. कृष्णकुमार वत्स** को 13 दिसम्बर 2023 को महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा यूनिवर्सिटी की Sports Council में सदस्य के रूप में दो वर्ष के लिए मनोनीत किया गया । 6 अप्रैल 2024 को वैश्य कॉलेज, रोहतक में आयोजित Multidisciplinary National Seminar में एक शोध-पत्र प्रस्तुत किया, जिसका शीर्षक था - 'Contribution of Sports in Sustainable Development'.

**श्री राजकुमार वत्स** ने 11-15 दिसम्बर 2023 को केन्द्रीय विश्वविद्यालय, महेन्द्रगढ़ हरियाणा, द्वारा आयोजित साप्ताहिक राष्ट्रीय कार्यशाला में हिस्सा लिया, जिसका विषय था KOHA Integrated Library Management System (KOHA-ILMS). 24-29 दिसम्बर 2023 को इन्दिरा गाँधी नेशनल कॉलेज, लाडवा, कुरूक्षेत्र द्वारा आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में हिस्सा लिया, जिसका विषय था 'KOHA Unveild : One Week National Workshop for the Open Source Library Empowerment'। 24 मार्च 2024 को अपने ही महाविद्यालय की NSS-I द्वारा आयोजित सात-दिवसीय विशेष शिविर में Indian Civilization and Haryanvi Culture विषय पर एक विस्तार व्याख्यान दिया ।

**श्रीमती लक्ष्मी** ने 10 से 15 जुलाई 2023 तक ICFAI University, Raipur द्वारा आयोजित Online Faculty Development Programme में भाग लिया । 17 जुलाई 2023 को 'Applications of Chat GPT in Academics & Publications' विषय पर आयोजित International Webinar में भाग लिया।

17-22 जुलाई 2023 तक SRM Institute, Chennai द्वारा आयोजित FDP में भाग लिया। 7-8 फरवरी 2024 को University Institute of Engg. & Technology, M.D. University, Rohtak द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध-पत्र प्रस्तुत किया। उनका ' कम्प्यूटर जगत में महिलाओं की भूमिका : अतीत, वर्तमान और भविष्य' विषय पर लिखा लेख संपादित पुस्तक ' भारतीय समाज एवं महिलाएं : बदलती दशाएँ एवं संभावनाएँ' में प्रकाशित हुआ।

8-14 अप्रैल 2024 तक Vivekananda Institute of Management Studies द्वारा आयोजित FDP में भाग लिया।

4-5 मई 2024 को UIET, MD University द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सम्मलेन में शोध-पत्र प्रस्तुत किया।